खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 21 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 110 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00












## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमांडो का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में तैनात कमांडो का शव शुक्रवार को उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर राजापुर स्थित मकान में रह रहे कमांडो कृपाल सिंह (29) का कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने सुबह खिड़की से झांककर उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह आखिरी बार 18 मार्च की रात ड्यूटी से लौटने के बाद देखे गए थे। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कृपाल सिंह फिरोजाबाद जिले के निवासी थे और 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में कमांडो के रूप में तैनात थे।

### मीरवाइज उमर फारूक लगातार तीसरे शुक्रवार नजरबंद

**श्रीनगर।** कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार का उपदेश द्धखुतबाक्र नहीं दे सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में दावा करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें इस तरह की पाबंदी का सामना करना पड़ा है। उनके घर के बाहर पुलिस वाहनों और सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और गलियों को कटीले तारों से बंद कर दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को शासकों की घबराहट का प्रतीक बताया।

## आंधी और बारिश से यूपी में मौसम हुआ सुहाना, किसानों की चिंता बढ़ी

# फसलों को नुकसान होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवा और बारिश से बढ़ते तापमान में फौरी ब्रेक लगा है वहीं मौसम के इस बदलाव के चलते खेत खलिहान में पकी पड़ी फसल के नुकसान की भी संभावना गहरा गई है और अन्नदाताओं की चिंता में इजाफा हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 20-21 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश



■ जौनपुर और प्रयागराज जिले में बिजली गिरने से एक युवक और किसान की मौत हो गई

और तेज झोंकेदार हवाएं (50-60 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 7.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में वज्रपात, तेज हवाओं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 21 मार्च को भी कुछ स्थानों पर मौसम सक्रिय रहेगा, जबकि 22 मार्च से मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने, पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने और बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। किसानों को पकी फसल की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखने और खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस बीच मथुरा, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और भदोही समेत कई स्थानों पर आंधी बारिश से फसल प्रभावित होने की सूचना है वहीं वर्षाजनित हादसों में कम से कम चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ मवेशी भी हताहत हुए हैं। जौनपुर जिले में मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर में आज सुबह बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीत चौहान (9) आज सुबह घर से शौच के लिए बाहर गया था, तभी खुले मैदान में उस पर वज्रपात हुआ। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के बहादुरपुर के चकिया घराहरा गांव में बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह (60) की मौत हो गई।

### गर्मी से राहत, तो हवा से परेशानी

कानपुर के रावतपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से एक मासूम गंभीर रुप से घायल हो गई। राजधानी लखनऊ में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हुई, लेकिन करीब 9 बजे के बाद अचानक घने काले बादलों ने आसमान को ढक लिया। कुछ ही देर में अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं सुबह घर से निकले लोग बारिश और तेज हवा के कारण परेशान भी नजर आए। जालौन,हमीरपुर में भी आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से गिरी गेहूं की फसल के साथ सरसों, चना, मटर, मसूर व आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कानपुर की सुबह शुक्रवार को आसमान से घिरे बादलों और हल्की फुहारों से हुई। मौसम में आए बदलाव से लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ।

# देशविरोधी बड़ी साजिश का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

कौशांबी, वार्ता

■ देश के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी भेजते थे विदेश, सीसीटीवी व ओटीपी से चल रहा था जासूसी रैकेट

देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। यूपी के थाना कौशांबी पुलिस और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा ठिकानों की गोपनीय जानकारी विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 5 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और 2 सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली सूचना के अनुसार ये युवक रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के वीडियो बनाकर विदेश में बैठे लोगों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल कर रहे थे। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें बीएनएस की धारा 61(2)/152 और ऑफिशियल एक्ट की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई आपत्तिजनक वीडियो, फोटो और महत्वपूर्ण लोकेशन मिलीं, जो सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया। गिरोह के मुख्य हैंडलर सुहैल मलिक, नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर हैं। इनके इशारे पर भारत के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आरोपी रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे और वहां की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन विदेश भेजते थे। 20 मार्च 2026 को एसआईटी ने आगे कार्रवाई करते हुए 9 और को गिरफ्तार किया।

## दंपति ने बेटे संग खाया जहर मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लखनऊ की घटना सुसाइड नोट छोड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के नींवा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची तो रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (लगभग 50 वर्ष) और पुत्र संदीप चौरसिया (30) अचेत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तारावती और संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपनारायण का इलाज जारी है। छोटे बेटे कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात सभी ने खाना नहीं खाया और अपने कमरे में चले गए। तड़के आवाज सुनकर जब वह उठा, तो पिता को उल्टियां करते पाया और कमरे में मां व भाई बेसुध पड़े मिले। परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार, किसी बड़े कर्ज या विवाद की जानकारी नहीं है, हालांकि घर पर कुछ अज्ञात लोगों के आने की बात सामने आई है।

## बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

### पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि मुनाफाखोरी: तिवारी

नई दिल्ली, वार्ता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है।

तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रूपए से ज्यादा की बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता, तो उसे



मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। अमेरिका - इजरायल और ईरान में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत में प्रीमियम पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। सामान्य पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### व्यापार समझौते के खिलाफ सत्याग्रह युकां

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में किए अपने प्रदर्शन को उचित करार देते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पीएम मोदी का आत्मसमर्पण है और युवा संगठन इस समझौते के खिलाफ पूरे देश में सत्याग्रह करेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब व संगठन के प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिए गए उनके सभी सहयोगियों को रिहा कर दिया गया है। युवा कांग्रेस अमेरिका के साथ हुए समझौते के खिलाफ दिल्ली के साथ ही सभी प्रदेशों के मुख्यालयों, मंडल, जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## सपा की महिला विग ने गैस सिलेंडर की 'अर्थी' निकालकर जताया विरोध

**लखनऊ।** महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा की महिला विग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को 'शव' मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं 'अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे। इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था 'महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हमारे हाथ में'।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूत

मुंबई, वार्ता

पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गई थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया।



## सोना सस्ता, चांदी बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28,781 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 50 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

## चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत



की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है।

न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

## गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है। अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि मामले का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ नाविक रंजन साहनी और अनिल साहनी के बयान रहे, जो विवेचक द्वारा दर्ज किए गए थे। कोर्ट को बताया गया कि नाविकों की इच्छा के विपरीत नाव को जबरदस्ती ले जाया गया।

# ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुई सराबोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और



■ स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इसके पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और आश्रम के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति ने यहां नवनिर्मित 'ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का लोकार्पण किया, जो क्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की।

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद










## कार्यालय नगर पंचायत जोया जनपद अमरोहा

नगर पंचायत जोया जनपद अमरोहा सभी नगर वासियों को ईद-उल-फितर के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें एवं निम्नलिखित अपील की जाती है।

1. करों की अदायगी समय से करें, पानी की टोटियां खुली न छोड़ें
2. सड़कों पर अतिक्रमण न करें, बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवनों का निर्माण न करें
3. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिनों के भीतर अवश्य करायें
4. पालीथिन की थैलियों एवं प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग न करें
5. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन को कूड़ा देकर सफाई कर्मियों का सहयोग करें
6. नगर निकाय ओडीएफ + घोषित हो चुकी है कोई भी व्यक्ति खुले में शौच करने के लिए न जायें।



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (उजैर अहमद) | (विजय प्रसाद शर्मा) | (नदीम अख्तर) | (विपिन कुमार सेंगर) | (जुबैर अहमद) |
| नगर स्वच्छता प्रेरक | स्वच्छता प्रभारी | जिला कार्यक्रम प्रबंधक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |

सभासदगण : श्रीमति बीरवती, श्रीमति मंगेश, श्री मुगीस अहमद, श्री अताउर्रहमान, श्री मौ. दानिश, श्री रफीक, श्रीमति इरशाद, श्रीमति असरफी बेगम, श्रीमति जायदा खातून, श्री मौ. वाजिद, श्री भूरा व श्री मौ. नसीम।

अध्यक्ष, नगर पंचायत-जोया, जनपद-अमरोहा

CPN-20616-19





















# शराब दुकान पर पकड़ा ओवररेटिंग का खेल

## 75 की जगह 85 में बिक रहा था टेट्रा पैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सब्जी मंडी स्थित देशी शराब की दुकान पर ओवररेटिंग का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। शासन स्तर से कराई गई गोपनीय टेस्ट परचेजिंग में दुकान पर निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलते हुए शराब बेची जा रही थी। मामले में आबकारी विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आबकारी निरीक्षक धनौरा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर 30 जनवरी को क्षेत्र की दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेजिंग कराई गई थी। इस दौरान सब्जी मंडी स्थित देशी शराब की दुकान पर 75 रुपये का टेट्रा पैक 85 रुपये में बेचा जाता पाया गया। तहरीर में कहा गया कि यह कृत्य लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्धारित है कि किसी भी मदिरा को अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक पर नहीं बेचा जा सकता। आरोप है कि दुकान के अनुज्ञापी अजीत पुत्र नरेशचंद्र निवासी कराहाट उर्फ रामहाट कैलसा, अमरोहा द्वारा ग्राहकों से अधिक वसूली कर आर्थिक शोषण किया जा रहा था। मामले को गंभीर मानते हुए आबकारी विभाग ने इसे उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 64 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) का उल्लंघन माना है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सैदनगली में किन्नर के घर से लाखों की चोरी

## चोरों ने दिनदहाड़े दिया वारदात को अंजाम, पांच तोले सोने व एक लाख की नकदी समेत कीमती सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर के मोहल्ला जामा मस्जिद में एक किन्नर के घर दिनदहाड़े बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी नन्ही किन्नर अपनी टीम के साथ संभल स्थित एक परिचित के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। घर बंद होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़ दिए। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे जब नन्ही किन्नर वापस लौटीं तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। गेट और कमरों के ताले टूटे पड़े थे और अंदर अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित के मुताबिक चोर करीब 5 तोला सोना और लगभग एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरात में सोने की झुमकी, अंगूठी, पेंडल, झाले समेत अन्य कीमती सामान शामिल हैं। पीड़ित का



कहना है कि चोरी गया सामान उनकी कई सालों की मेहनत की कमाई था, जिसके चले जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। साथ ही मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक संदिग्ध युवक चोरी की वारदात को अंजाम देता हुआ दिखाई दिया है। हालांकि उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस फुटेज के आधार पर उसकी तलाश में जुट गई है। घटना के बाद से मोहल्ला जामा मस्जिद समेत आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें संदिग्ध की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है और तकनीकी साक्ष्यों को भी जुटाया जा रहा है, ताकि घटना का शीघ्र खुलासा किया जा सके।

# गीतांश ने गणित प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के लिए कक्षा 9 के छात्र गीतांश चौधरी ने सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर के प्रतिभागियों में टॉप 100 अचीवर्स में स्थान प्राप्त किया



### एसआरएस स्कूल में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

है। विशेष बात यह है कि वह अपने जिले से इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र छात्र हैं।

इस उपलब्धि के लिए गीतांश चौधरी को सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जो विद्यालय में प्राप्त हुआ। साथ ही विद्यालय की ओर से उन्हें एक शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी एवं विद्यालय समन्वयक साक्षी सिंह ने संयुक्त रूप से छात्र को सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र प्रत्येक वर्ष विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। कहा कि हमारे विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर स्टॉफ के सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश के चलते पूरा दिन गायब रही जोया की बिजली

## रोजेदारों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शुक्रवार को लगातार हुई बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। पूरे दिन बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अलविदा जुम्मा होने के कारण रोजेदारों के लिए दिन और भी चुनौतीपूर्ण बन गया।

सुबह से हो रही बारिश के चलते कस्बे में सुबह सात बजे से लेकर शाम तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। बिजली न होने से जहां एक ओर घरों में अंधेरा छाया रहा, वहीं दूसरी ओर पानी की सप्लाई भी पूरी तरह बाधित रही। इससे रोजेदारों को वुजू करने और इफ्तार की तैयारियों में काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई इलाकों में लोगों को पीने के पानी तक के लिए जूझना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, लेकिन विभाग की ओर से समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पूरे दिन लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, मगर शाम तक भी हालात में खास सुधार नहीं हुआ। अलविदा जुमा जैसे अहम दिन पर बिजली और पानी की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

# बारिश के बाद भी गैस लेने को लगी लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बारिश और ठंड के बावजूद गैस सिलेण्डर लेने के लिए लोगों की लाइन गैस गोदामों पर लगी रही। पुलिस की मौजूदगी में ही गैस का वितरण हुआ।

बता दें कि इस समय गैस की किल्लत के कारण उपभोक्ता पिछले काफी दिनों से गैस

### वाउचर के बाद गोदामों पर लगानी पड़ती है लाइन

एजेंसियों और गैस गोदामों पर वाउचर और सिलेण्डर लेने के लिए लाइन लगा रहे हैं। शुक्रवार को बारिश और ठंड के बावजूद भी उपभोक्ता गैस लेने के लिए लाइनों में लगे दिखाई दिए। शहर की दो एजेंसियों के गोदाम तो करीब करीब शहर में ही हैं मगर एक गैस एजेंसी का गोदाम शहर



से करीब सात किलोमीटर दूर ख्यालीपुर ढ़ाल में हैं। यहां के साथ साथ नवादा रोड और सादेल्लपुर रोड पर स्थित गैस गोदामों पर भी उपभोक्ताओं की काफी भीड़ देखने को मिली। ईद के त्यौहार के चलते उपभोक्ताओं की भीड़ में और दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। पुलिस की मौजूदगी में ही गैस का वितरण किया गया। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार गैस एजेसियों और गैस गोदामों पर उपभोक्ताओं की भीड़ सिलेंडर लेने के लिए उमड़ रही है। प्रशासन लगातार जनता से अपील कर रहा है कि गैस की किल्लत नहीं है मगर इसके बाद भी उपभोक्ता गैस एजेंसी व गैस गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी लंबी लाइनें लग रही हैं।

# इंसानियत का सही रास्ता दिखाने वाली किताब कुरआन

## देश में अमन व खुशहाली की दुआए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पवित्र रमजान माह के दौरान मोहल्ला मंडी चौब स्थित मस्जिद में रमजान मुकम्मल होने के अवसर पर नमाजियों ने देश और समाज में अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। आयोजित दुआ ए कुमैल में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। रमजान मुकम्मल होने पर नमाजियों ने अल्लाह का शुक्र अदा किया। इस मौके पर देश की तरक्की, भाईचारे और अमन-शांति के लिए दुआ मांगी गई। मौलाना हैदर मेहदी ने रमजान और कुरान की फजीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। उन्होंने बताया कि इस महीने में मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत और नेक कामों में हिस्सा लेते हैं। आगे कहा कि कुरान इंसा. नियत को सही रास्ता दिखाने वाली किताब है। इसके बताए रास्ते पर चलकर समाज में शांति और भाईचारा कायम किया जा सकता है। बताया कि रमजान का महीना इंसान को जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पाक महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए। कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को खैरात, जकात और फितरा निकालकर समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करनी चाहिए। इससे सभी लोग रमजान और ईद की खुशियों में बराबर के सहभागी बन सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ की गई, जिसमें देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुजाहिद अब्बास, मेराज रजा,शमीम हसन, रजा हुसैन, रजा अली, जॉन नकवी, शुजात अली, सलीम इफ्तेखार, जाहिद अब्बास, वसीम हसन, फहीम हैदर, सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



# त्रुटि रहित और सुव्यवस्थित ढंग से हो जनगणना

## नगर पालिका में जनगणना के जिला प्रभारी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में शुक्रवार को जनगणना 2027 को पूर्णत: त्रुटि रहित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला प्रभारी जनगणना नंदन व्यास ने विस्तृत रूप से बताया कि जनगणना की प्रक्रिया को सटीक बनाने के लिए जनगणना ब्लॉकों का निर्धारण किस प्रकार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बार ब्लॉकों का सही सीमांकन और निर्धारण होने के उपरांत ही नियुक्तकिए गए प्रगणकों (कर्मचारियों) द्वारा धरातल पर जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। त्रुटि रहित डेटा संकलन के



लिए ब्लॉकों का सही चयन सबसे अनिवार्य चरण है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने कहा कि पालिका प्रशासन जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्य रूप से इरशाद खां, रविंद्र सिंह, अक्षय शुक्ला, दीपू कुमार आदि सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भव्य रूप से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आगामी जयंती को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति, हसनपुर ने अपनी कमर कस ली है।

शुक्रवार को समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती लता सागर के कोट खेवान स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। इस बैठक में जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने घोषणा की कि इस वर्ष अम्बेडकर जयंती का आयोजन अभूतपूर्व होगा। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह निकलने वाली शोभायात्रा इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। जिसमें बाहरी राज्यों और शहरों से आए कलाकारों द्वारा बाबा साहब के जीवन और सामा. जिक क्रांति पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। रामवीर सिंह ने जोर देकर कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बाबा साहब के विचारों से जोड़ना है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार गौतम, लता सागर, महिपाल सिंह, जगवीर सिंह मौर्य, विजय कुमार गौतम, रोहताश सिंह, अरविंद कुमार अन्ना, चमनलाल प्रबन्धक, मुकेश जाटव, लवी सागर,सोम सिंह,राजीव कुमार मौजूद थे।

# यौमे कुद्स मनाकर फिलिस्तीन के लिए मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र के गांव फंदेड़ी सादात में रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा जुमे) की नमाज के बाद शिया समुदाय के लोगों ने यौमे कुद्दस मनाया। इस दौरान लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठाई और उनकी आजादी के लिए दुआ मांगी।

मौलाना मोअस्सिर अब्बास ने कहा कि यौमे कुद्दस का मकसद दुनिया को यह बताना है कि मुस्लिम समाज फिलिस्तीन के मुद्दे पर एकजुट है। उन्होंने बताया कि मस्जिद-ए-अक्सा इस्लाम का पहला किबला है और उसकी हिफाजत करना हर मुसलमान की जिम्मेदारी है। नमाज के बाद लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी भावनाएं जाहिर कीं। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद और मस्जिद-ए-अक्सा की हिफाजत करो जैसे नारे लगाए गए। साथ ही देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए भी खास दुआएं की गईं। इस मौके पर मौलाना मोअस्सिर अब्बास,




मौलाना काजिम हुसैन, मनव्वर अली, मोमिन जैदी, अहसान अली, मौलाना मेंहदी जैदी, अबरार हुसैन, जावेद अब्बास, जहीर अब्बास, मोनिश अली, अमीर रजा, खुशहाल, शाबान, शोएब, मुसव्विर अली, रियाज अली, काशिफ, मोहम्मद, आशू, हसन रजा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के पायंती कलां गांव में जुम्मेरात की शाम राशिद का 7 वर्षीय भतीजा आदिल दुकान पर सामान लेने जा रहा था पड़ौसी जुवैर ने बच्चे के साथ गाली गलौज शुरू कर दी शिकायत करने पर गाली गलौज व पथराव शुरू कर दिया बचाने आई राशिद की पत्नी शबाना घायल हो गई थाने पहुंच कर पीड़ित शबाना ने जुवैर,तालिब और जीशान के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने घायल शबाना को जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शेरकोट।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मौहल्ला चौधरियान निवासी रूपेंद्र दत्त के पुत्र तुषार का गुरुवार को जन्मदिन था। मृतक की बहन ने बताया कि जन्मदिन मनाने के लिए शाम के समय नगर का ही एक युवक उसे अपने साथ ले गया। लेकिन रात भर उसका भाई वापस नहीं लौटा। आज सुबह लगभग छह बजे युवक अपने भाई के साथ ई-रिक्शा से मरणासन्न अवस्था में तुषार को घर छोड़ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, उसके भाई की मौत हो चुकी थी। युवक के परिजनों ने युवक के दोस्तो पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# भजन-कीर्तन व दीपोत्सव कार्यक्रम



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मेढ सभा, (सुनारो वाले मंदिर) में महिला कमेटी द्वारा हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2083, शक्ति ऊर्जा के पावन पर्व चैत्र नवरात्र के अवसर पर भजन-कीर्तन तथा दीपोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति पूर्वक मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने नव वर्ष की सभी को शुभकामनाएं दी तथा आदि शक्ति मां भवानी के गुणगान से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर दीपमाला वर्मा, उमा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, किरण वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, कंचन वर्मा, तनु वर्मा, सरोज वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पायल वर्मा, मोहित वर्मा, डा.सुमन कौशिक, संगीता रस्तोगी, सीमा सिन्हा, प्रेमवती आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स में सेफ कैम्पस अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्था के महासि. चव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उददेश्य छात्र-छात्राओं को परिसर की सूरक्षा एवं स्टूडेंट सपोर्ट एवं फेफ्टी सेलस् के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को POSH Act-2013 अधिनियम के प्रावधानों, अधिकारों एवं शिकायत निवारण प्रतिकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की ग्रीवांश सैल हेड डा. एकता मलिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार,अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, गौरव मलिक (चीफ प्रोक्टर), डा. समीर अहमद (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड), बृजनेश सिसौदिया आदि रहे।

# मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत

**शेरकोट।** मौहल्ला नई सराय स्थित इस्तकबालिया कार्यक्रम में पहुंचे शहर इमाम मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब का स्वागत कर उनके लिए दुआ की गई। वहीं इस मौके पर मुफ्ती मौहम्मद अमान उर्रब ने सभी का शुक्रिया अदा करते हुए बताया कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली हैं, उसे वह ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मौलाना आसिफ, हिलाल तकी नसीरुद्दीन अंसारी, तौकीर अहमद, सलीम अहमद, नदीम अहमद, मेहताब आलम, मिर्जा खुर्शीद, काजी शमीम, मौलाना जरीफ, गुलफाम अहमद, बुंदू ठेकेदार सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 21 मार्च 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 110 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

### केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -शेष पृष्ठ दो पर

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच विधायक बने मंत्री

एस. आलम अंसारी



■ लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने पांचों विधायकों को दिलाई शपथ

■ विधायक मदन कौशिक, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैडा बने मंत्री

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैडा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्य मंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -शेष पृष्ठ दो पर

### धामी कैबिनेट में अब 12 मंत्री

साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। ऐसे में सरकार के गठन के साथ ही तीन मंत्रिमंडल के पद खाली चल रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद ही 26 अप्रैल 2023 को समाज कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद एक और मंत्रिमंडल का पद खाली हो गया। इसके साथ ही 16 मार्च 2025 में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से दिए गए विवादित बयान के बाद उन्हें भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में धामी मंत्रिमंडल में पांच मंत्री के पद खाली चल रहे थे। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

## अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान

■ IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया।

### इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी।

### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है। क्लाइमेट साइंटिस्ट डा. प्रदीप के अनुसार, मौजूद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अपनी बनावट के कारण बेहद दुर्लभ है। जिससे शक्तिशाली आंधी-तूफान और गरज वाले बादल पैदा करने की क्षमता है।

### ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर- पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।















# अकीदत के साथ अदा की गई जुमा अलविदा की नमाज



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** इस साल पूरे 30 रोजे हुए इस कारण माह ए रमजान में पांच शुक्रवार जुमा पड़े। माह ए रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा की नमाज अकीदत और शांति के साथ कस्बा एवं थाना क्षेत्र के गांवों में अदा की गई।

कस्बे की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद,अजहरी मस्जिद सहित कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

नमाज के समय मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग से नमाज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। शनिवार को ईद की नमाज ईदगाह व मस्जिदों में तय समय पर अदा की जाएगी।

# पिकअप को बचाने में डबल डेकर बस पलटी

**बड़ा हादसा टला: बिजली के खंभे टूटने से आपूर्ति बाधित**







नौगवां बिजली घर से मीरगंज के नगरीय उपकेंद्र को जाने वाली 33 केवीए लाइन के दो खंभे क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अवर अभियंता सोम प्रकाश और कुरुणेश मिश्रा साथ में कर्मचारियों को मौके पर लेकर पहुंचे और ग्रामीण उपकेंद्र से वैकल्पिक आपूर्ति शुरू कराई गई। बाद में नए खंभे लगाकर लाइन को बहाल कर दिया गया।थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि पिकअप को बचाने के प्रयास में बस पलटी है। सभी यात्री सुरक्षित हैं और मामले की जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** धनेटा-शीशगढ़ रोड पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक प्राइवेट डबल डेकर बस पिकअप को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसा दोपहर करीब 12:50 बजे ग्राम भिटौली नगला के पास शिव मंदिर और सृष्टि मैरिज हॉल के निकट हुआ।

बताया जाता है कि बस राजस्थान के जयपुर से सवारियां लेकर शीशगढ़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से मुर्गों से भरी पिकअप आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस सड़क किनारे खड़े 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के खंभे से टकराकर पलट गई। टक्कर से बस का अगला शीशा चकनाचूर हो गया और दो बिजली के खंभे टूट गए।हादसे में बस हेल्पर शानू को मामूली चोटें आईं, जबकि कुछ अन्य यात्रियों को हल्की चोट लगी। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही भिटौली नगला के ग्रामीण और थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को खाई से बाहर निकलवाया। अधिकांश यात्री दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।उधर, हादसे में बीथम

## एक नजर

# ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह में 10 बजे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ईद-उल-फितर की नमाज आज ईदगाह में सुबह 10 बजे अदा की जाएगी।

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन की जेरे सरपरस्ती में ईद-उल-फितर की नमाज आज शनिवार को सुबह 10 बजे अदा की जाएगी। संस्था के सदर असलम अंसारी उर्फ मंत्री ने बताया कि नमाज अपने निर्धारित समय पर जामा मस्जिद के पेशे इमाम मौलाना कारी फरियाद हुसैन अदा कराएंगे। सदर ने क्षेत्र के लोगों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की अपील की है।

# दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन ने दी सभी को ईद की मुबारकबाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां कहा कि ईद आपसी भाईचारे और खुशियों का त्यौहार है। सभी लोग आपसी गिले शि. कवे मिटाकर एक दूसरे से गले मिलें। अपने घरवालों, रिश्तेदारों के साथ ईद के दिन गरीबों का खास ख्याल रखें। गरीबों को भी खुशियों में शामिल करें। मिलजुल कर इसकी खुशियां आपस में बांटे। दरगाह पर ईद का चांद देखने के बाद मुफ्ती जईम रजा, मौलाना अबरार उल हक, मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी समेत शाहिद नूरी, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, हाजी जावेद खान, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग आदि ने सबको ईद की मुबारकबाद दी।

ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 10.30 बजे अदा की जाएगी। शहर में सबसे पहले दरगाह वली मियां की चांद मस्जिद में सुबह 6.40 मिनट पर, दरगाह शाह शराफत अली मियां में 07 बजे, दरगाह ताजुश्शरिया में 7.30 बजे, खानकाहे वामिकिया 8.15, दरगाह बशीर मियां में 8.30, किला की जामा मस्जिद, खानकाह ए नियाजिया, दरगाह शाहदाना वली, नौमहला मस्जिद में 9.30 बजे और सबसे आखिर में दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में 11.00 बजे अदा की जाएगी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** अप्रैल माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आलोक कुमार ने की।

इस दौरान एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप अभियान से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने तथा माइक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिए। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जबकि 10 अप्रैल से दस्तक अभियान भी शुरू होगा।उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगी और विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग भी करेंगी।बैठक में फतेहगंज पश्चिमी सीएचसी से डॉ. मयंक सागर, बीडीओ आनंद विजय यादव, बीपीएम पुनीत सक्सेना, प्रतिरक्षण अधिकारी धनेश्वर गिरि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# छह साल की उमामा रहमान ने 22 रोजे रखकर बनाया रिकार्ड

**रोजा न रखने वालों को रोजेदार मासूम बच्चों से सबक लेना चाहिए**

शाह टाइम्स संवाददाता



**शीशगढ़।** रमजान पाक महीना बड़ी बरकतों वाला महीना है। इस पाक महीने में इबादत करने का सबाब भी कई गुना बढ़ जाता है, इतना ज्यादा सबाब होने के बावजूद भी तमाम ऐसे लोग भी हैं जो रोजा रखने से बे महरूम रह जाते हैं। ऐसे लोग तरह-तरह के बहाने बनाकर रोजे नहीं रखते हैं, ऐसे लोगों को खुदा से भी डर नहीं लगता।

दूसरी तरफ छोटे-छोटे नाबालिग बच्चे रोजे रखकर खुदा की इबादत करके नए-नए रिकार्ड बना रहे हैं। गैर रोजेदारों को इन छोटे बच्चों से सीख लेने की जरूरत है। हालांकि इस्लाम में नाबालिग बच्चों पर रोजा नमाज फर्ज नहीं है, फिर भी नाबा. लिग बच्चों में बड़ा हौसला देखने को मिल रहा है। ऐसे ही शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला दर्जी चौक निवासी इमरानुल हक की छह साल की बेटी उमामा रहमान के हौसले को सलाम करना चाहिए। इस छोटी से बच्ची ने रमजान माह में 22 रोजे रखकर एक मिशाल पेश की है कि हौसला हो तो कोई काम मुश्किल नहीं है।

उमामा रहमान के वालिद इमरानुल हक, अम्मी हूमेरा रहमान, चाचा इकरामुल हक, ताऊ हाजी मेराजुल हक, दादा हाजी फजले हक, दादी हज्जन मोबीन बानो, नाना डॉक्टर बहीदुल रहमान, नानी तसनीम बेबी ने उमामा रहमान की होसला अफजाई करते हुए मुबारक. बाद दी है, और 22 रोजे रखने का साहस जुटाने वाली बेटी को इनामात से नवाजा गया।

# गैस एजेंसियों पर पुलिस की सख्ती

**ओवररेटिंग व अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई का अल्टीमेटम**



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कोतवाली परिसर में गैस एजेंसी संचालकों के साथ आयोजित बैठक में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया कि उपभोक्ताओं के साथ किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में इंस्पेक्टर क्राइम रवीन्द्र कुमार और एसएसआई धर्मेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों की ओवररेटिंग, कालाबा. जारी, गलत वितरण या किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि सभी गैस एजेंसियों को पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा और उपभोक्ताओं के अधिकारों का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। यदि किसी एजेंसी के खिलाफ शिकायत मिलती है, तो बिना चेतावनी सीधे कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को अपने रिकॉर्ड सही रखने और वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर और निर्धारित दरों पर गैस उपलब्ध कराने की सख्त हिदायत भी दी गई।

# बहेड़ी के जतिन सिंह ने रचा सफलता का इतिहास

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** नगर के बालाजी पुरम निवासी मेधावी छात्र जतिन सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर एक साथ कई प्रतिष्ठित बैंकिंग परीक्षाओं में सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। जतिन सिंह का चयन आरआरबी पीओ, एसबीआई क्लर्क एवं आईबीपीएस क्लर्क परीक्षाओं में हुआ है, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

**आरआरबी पीओ, एसबीआई क्लर्क व आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर**

जतिन सिंह, राजेन्द्र सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा एसीसी स्कूल बहेड़ी से हाईस्कूल तथा मिशन एकेडमी से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। इसके पश्चात उन्होंने गन्ना उत्पादक कॉलेज बहेड़ी से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। जतिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग और स्वयं की मेहनत को दिया है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चंडीगढ़ स्थित 'कंपीटिशन गुरु' कोचिंग संस्थान से ऑनलाइन माध्यम से की। जतिन की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, मित्रों एवं रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एसडीएम ने कस्बा रिछा में ईदगाह-मस्जिदों का किया सुरक्षा निरीक्षण

**देवरनियां पुलिस रही पूरी तरह सतर्क**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ईद-उल-फितर के पावन पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कोतवाली देवरनियां पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहा। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

इस वर्ष ईद का त्यौहार आज शनिवार को मनाया जा रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है और लोग खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं प्रशासन भी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में लगा हुआ है।

निरीक्षण के दौरान कस्बा रिछा में एसडीएम इशिता किशोर ने विशेष रूप से ईदगाहों और मस्जिदों का जायजा लिया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, पार्किंग और नमाजियों के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने भी देवरनियां, गिरधरपुर सहित आसपास के गांवों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, कमेटी सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान सभी लोग पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुसार ही ईद मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है।



जुमे की अलविदा की नमाज के मद्देनजर भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी अपनी टीम के साथ संवे. दनशील स्थानों पर लगातार गश्त करते रहे और मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई, जिससे आम लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

कोतवाली देवरनियां पुलिस और प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना हुआ है, जिससे लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिल रहा है।

# मस्जिदों में अदा हुई अलविदा की नमाज



**मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** रमजान माह के आखिरी जुमे पर कस्बे सहित क्षेत्र की सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। लोगों ने बड़ी संख्या में मस्जिदों में नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चौन, तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआएं मांगीं।

कस्बे की जामा मस्जिद में पेशे इमाम कारी/मौलाना फरियाद हुसैन ने नमाज अदा कराई। वहीं मोती मस्जिद में मौलाना आबिद हुसैन और अशर्फी मस्जिद में कारी मौलाना मोहम्मद नईम ने नमाज अदा करायी। नमाज के दौरान मस्जिदों में खासी भीड़ देखने को मिली और लोग अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर दुआ करते नजर आए। वहीं उलेमाओं ने रमजान के महत्व पर रोशनी डालते हुए लोगों से आपसी भाईचारा, सद्भावना और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। इसके साथ ही देहात क्षेत्र में भी अलविदा की नमाज अदा की गई। शान्ति पूर्ण तरीके से नमाज सम्पन्न हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# अकीदत के साथ अदा हुई जुमा अलविदा की नमाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार जुमा अलविदा की नमाज कस्बे एवं थाना क्षेत्र के गांवों में अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस वर्ष रमजान के पूरे 30 रोजे होने के कारण पांच जुमे पड़े, जिससे आखिरी जुमे का विशेष महत्व रहा।कस्बे की सभी प्रमुख मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा कर देश में अमन-चौन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।



मीरगंज की जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, अजहरी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाज के दौरान भारी भीड़ उमड़ी।वहीं थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी, टिटौली और भूड़ मढ़ौली,शाही के मोती मस्जिद दुनका में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीएम आलोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी हाईवे आईपीएस आशुतोष शिवम एवं थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने ईदगाह का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह व चौकी प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते रहे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती गई। मस्जिदों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

प्रशासन की सजगता और लोगों के आपसी सहयोग से जुमा अलविदा की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।बताया गया कि शनिवार को ईद की नमाज ईदगाहों और मस्जिदों में निर्धारित समय पर अदा की जाएगी।

# मीरगंज में बिजली व्यवस्था चरमराई, सांसद से लगाई गुहार

**ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने, नया उपकेंद्र बनाने व स्टाफ बढ़ाने की उठी मांग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** क्षेत्र में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रही बिजली कटौती, कम क्षमता के ट्रांसफार्मर और विभागीय लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने सांसद को प्रार्थना पत्र भेजकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।समाजसेवी ग्राम मनकरा निवासी विशाल कुमार ने सांसद को पत्र लिखकर मीरगंज क्षेत्र की जर्जर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने की अपील की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र के अनेक गांवों में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण विशेषकर गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। मीरग. ंज ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर लगभग 29 हजार उपभोक्ताओं का भार है, जबकि इसकी क्षमता अपर्याप्त है। लंबे समय से नए उपकेंद्र के निर्माण का प्रस्ताव लंबित है, लेकिन भूमि परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी न होने से कार्य शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग में स्टाफ की भारी कमी का मुद्दा भी उठाया है। बताया गया कि 9 फीडरों के संचालन के बावजूद मात्र 8 लाइनमैन कार्यरत हैं, जबकि नियमों के अनुसार प्रत्येक फीडर पर कम से कम तीन लाइनमैन होने चाहिए। कर्मचारियों की कमी के चलते फाल्ट ठीक करने में देरी होती है और उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ती है।इसके साथ ही विभाग पर मनमाने तरीके से अधिक बिजली बिल भेजने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि गलत बिलिंग के कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिल संशोधन के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत भी प्रार्थना पत्र में की गई है।पत्र में मनकरा, नंदगांव, सुजातपुर, रईया नगला, लभारी, चुरई दलपतपुर, नौसना, कुल्छा खुर्द, बहादुरपुर कुंडा और गुगई सहित कई गांवों में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नए सब स्टेशन स्थापित करने की भी आवश्यकता जताई गई है, ताकि लोड का संतुलन बना रहे और आपूर्ति सुचारू हो सके।

# लैब टेस्टिंग में 11 फर्मों के सैंपल फेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर बिछाई जा रही सड़कों और नालियों के नीचे दबे भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की ओर से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कराई गई जांच में इसका खुलासा हुआ है। 17 प्रमुख फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग कराई गई थी, इनमें 11 फर्मों का काम निर्धारित मानकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरा। इसपर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए न केवल भारी जुर्माना लगाने, बल्कि ऐसी फर्मों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इससे ठेकेदारों में खलबली मची हुई है।

**नगर आयुक्त ने परखी थी 17 फर्मों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता**

बता दें कि, पिछले दिनों शहर में हो रहे विकास कार्यों की हकीकत जानने के लिए नगर आयुक्त खुद फील्ड में उतरे थे। जांच के दौरान कई स्थानों पर सड़क और नालियों का निर्माण इतना घटिया पाया गया कि हाथ लगाते ही पोल खुलकर सामने आ गई। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी और इंजीनियरों की टीम के सामने नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से मानक विहीन सड़कों और नालियों को दोबारा खोदने के निर्देश दिए थे। बताया गया कि पहले चरण में 30-30 लाख रुपये की लागत वाले उन कार्यों को निशाने पर लिया गया, जो नगर निगम निधि, 15 वें वित्त आयोग और एनकैप परियोजना के तहत कराए गए थे। जांच में मैसर्स गिरीश पाराशरी, कुंवर कंसट्रक्शन, एसपीएस कंसट्रक्शन, सूरी डेवलपर्स, कुमार एंड कंपनी, एपी कंसट्रक्शन, अंजनी बिल्डर्स, एमबी कंस्ट्रक्शन और एसपी कंस्ट्रक्शन जैसी फर्मों के कार्य अधोमानक पाए गए। यानी निर्माण में सीमेंट और कंक्रीट की जगह केवल खानापूर्ति की गई। इन फर्मों पर अब न केवल जुर्माने की तलवार लटक रही है, बल्कि भविष्य में इनके ब्लैकलिस्ट होने का खतरा भी मंडरा रहा है। नगर आयुक्त की इस कार्रवाई ने ठेकेदारों के उस सिंडिकेट को हिला दिया है, जो अब तक रसूख के दम पर घटिया निर्माण को फाइलों में "ओके" कराते आए थे। दूसरे चरण में उन दिग्गज फर्मों के कार्यों की लैब टेस्टिंग होगी, जो खुद को जांच की आंच से ऊपर मानती रही हैं। यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं मिला तो कार्रवाई तय है।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों में मानक विहीन सामग्री का उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लैब टेस्टिंग में जिन 11 फर्मों के नमूने फेल हुए हैं, उन पर भारी जुर्माना लगाने और ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

घटिया सड़कों को उखाड़कर दोबारा बनवाया जाएगा। जनता के पैसे की बंदरबांट करने वाले ठेकेदारों और इसमें संलिप्त संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई तय है।

# सीएम योगी के दौरे को लेकर बीडीए एक्शन मोड में

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने अपनी विकास परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की की रफ्तार तेज कर दी है, ताकि मुख्यमंत्री के समक्ष विकास का एक भव्य और सुव्यवस्थित खाका पेश किया जा सके।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के संचालकों के साथ अधूरी परियोजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति पर बिंदुवार चर्चा की गई।

इस दौरान कार्यदायी एजेंसियों को दो-टूक हिदायत दी गई कि निर्माण की गति बढ़ाने के चक्कर में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। मुख्य अभियंता एपीएन सिंह ने बताया कि परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिसके तहत देरी से चल रहे कार्यों को श्क्रिटिकलश्श श्रेणी में रखकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

बीडीए के आला अधिकारियों का पूरा जोर इस बात पर है कि मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान शहर का बुनियादी ढांचा और सौंदर्यीकरण पूरी चमक के साथ दिखाई दे।

बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामायण वाटिका जैसी सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के हाथों इनका लोकार्पण प्रभावी ढंग से हो सके।

# पूर्व प्रधान की दुकान में भीषण आग

**लाखों का सामान जलकर राख**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया में शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे एक परचून की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से गांव में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी महिपाल, जो पूर्व प्रधान भी हैं, की परचून की दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली



कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीण आग पर काफी हद तक काबू पा चुके थे। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि पीड़ित महिपाल का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिसमें लाखों रुपये का सामान जलने की बात सामने आ रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत

## खेत में गन्ना छील रहे थे, दो की हालत गंभीर, हादसे से मचा हड़कम्प, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजे शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजली की चपेट में आकर दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार सुबह अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में गांव गजाना-बागड़पुर के पास हुआ। चारों मजदूर खेत में गन्ना छील रहे थे कि अचानक आकाशीय बिजली गिरने से हड़कंप गया। मृतक 46 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह उर्फ कलुआ गांव गजाना व 32 वर्षीय नरेश बिहार का निवासी था। जानकारी पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों मजदूरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह गजाना निवासी मुन्नी देवी के खेत में जयवीर सिंह, धर्मेंद्र उर्फ कलुआ, नरेश और भूरे खां गन्ना छील रहे थे। करीब 8:30 बजे अचानक बूंदाबांदी के साथ आसमान में बिजली कड़कने लगी। जयवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश और भूरे खां खेत के पास में बने मकान की ओर जाने लगे। तभी तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आकर धर्मेंद्र और नरेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जयवीर सिंह और भूरे खां घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर अमरोहा देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी शौकेंद्र बालियान के अलावा एसडीएम सदर, तहसीलदार व लेखपाल भी पहुंच गए। मृतक धर्मेंद्र के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, मृतक नरेश के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परि. जनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया की जा रही है।



अमरोहा। पोस्टमार्टम हाउस पर गमजदा खड़े मृतक मजदूरों के परिजन।

# शराब दुकान पर पकड़ी ओवररेटिंग

## सेल्समैन व संचालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** आबकारी विभाग की गोपनीय जांच में जोया की कम्पोसिट मदिरा दुकान पर ओवर रेटिंग पकड़ी गई। निर्धारित मूल्य से दस रुपये अधिक कीमत पर शराब बेचने की पुष्टि के बाद सेल्समैन और दुकान संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आबकारी निरीक्षक चेतना पंवार ने बताया कि आयुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर जोया के मोहल्ला खेड़ा स्थित कम्पोसिट मदिरा दुकान पर 31 जनवरी की सुबह करीब 10:37 बजे टेस्ट परचेजिंग कराई गई। इस दौरान कैश प्रीमियम ग्रेन वोडका की बोतल पर दस रुपये अधिक वसूले गए। जबकि बोतल की निर्धारित कीमत 120 रुपये है और उसे 130 रुपये में बेचा गया। जांच में सामने आया कि दुकान पर मौजूद सेल्समैन संजीव कुमार निवासी देहरी जट थाना रजबपुर और संचालक पंकित प्रूथी निवासी मेरठ द्वारा जानबूझकर आबकारी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। यह कृत्य न केवल लाइसेंस की शर्तों के खिलाफ है, बल्कि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी भी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में सेल्समैन और दुकान संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मस्जिदों में उमड़े नमाजी, सुबह से ही नमाज की तैयारियों में जुटे थे मुस्लिम**

# रिमझिम फुवारों के बीच अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अलविदा जुमे को अमरोहा शहर की जामा मस्जिद समेत जिले की अन्य मस्जिदें खचाखच भरी रहीं। बारिश के बीच मस्जिदों में जगह कम पड़ी तो नमाजियों ने भीगने की फिक्र किए बिना खुले आसमान के नीचे छतों पर सफें बिछाकर नमाज अदा की। वहीं, बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव और कीचड़ पसरी होने की वजह से नमाजी परेशानियों से जूझते हुए मस्जिदों तक पहुंचे। अल्लाह की बारगाह में सजदा करने के बाद दुनिया में अमन, मुल्क और कौम की खुशहाली के साथ भाईचारे की हाथ उठाकर दुआ मांगी। वहीं, सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। दोपहर करीब ढाई बजे जिले में सभी स्थानों से शांतिपूर्ण नमाज संपन्न होने पर जिम्मेदारों अफसरों ने राहत की सांस ली। रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। इससे पहले 23वें रोजे को पड़े जुमे को भी आखिरी जुमा माना गया था लेकिन ईद का चांद पूरे 30 दिन का होने से पाक महीने का आखिरी यानि 30वां रोजा शुक्रवार का रहा लिहाजा इस जुमे को भी अलविदा जुमा माना गया। ईद की तैयारियों में जुटे लोगों में 30वें और आखिर रोजे की सहरी से ही अलविदा जुमे की नमाज को लेकर जोश और जज्बा था लेकिन दिनभर होती रही बारिश ने उन्हें मायूस किया। जिसके चलते दोपहर 12 बजे ही शहर की जामा मस्जिद के अंदरूनी परिसर समेत लगभग सभी मस्जिदों के परिसर नमाजियों से खचाखच भर गए क्योंकि बीच में साढ़े 11 और 12 बजे के बीच में थोड़ी देर के लिए बारिश रुकने पर नमाजियों को मस्जिदों में जाने की जल्दी रही, ये ही वजह रही कि देखते ही देखते मस्जिदें खचाखच भर गईं लेकिन बिगड़ता मौसम भी नमाजियों के हौसला कम नहीं कर सका, मस्जिद के कवर एरिया में जगह नहीं मिलने पर नमाजियों ने खुले आसमान के नीचे छत्तों पर भीगते हुए नमाज अदा दी। वहीं, सड़कों पर कीचड़ होने से नमाजियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद सालिम ने नमाज पढ़ाई। शिया जामा मस्जिद में मौलाना डा. एहसन अख्तर सरोश की इमामत रही। मस्जिद तख्त सुलेमान (मदरसा शाही चबूतरा) में मुफ्ती तौहीद अख्तर की कयादत में लोगों ने नमाज पढ़ी। मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी की इमामत में लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा जोया, डिडौली, कैलसा, रजबपुर, अतरासी व नौगावां सादात क्षेत्र में भी लोगों ने जोश और जज्बे के साथ अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और कौम तरक्की और सलामती के लिए हाथ उठाकर दुआ की। वहीं, अलविदा जुमा की नमाज के चलते पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। जिले में सभी स्थानों पर नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## कड़ी सुरक्षा के बीच अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अलविदा जुमा को मस्जिदे नमाजियो से फुल हो गई। अमन शांति व भाईचारा के लिए दुआ भी कराई गई। तहसील क्षेत्र में अलविदा जुमा को मस्जिदों में नमाज अदा कराई गई। मौसम खराब होने के बावजूद शहर में गजरौला रोड मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, नवाबान, काला शहीद, रहरा रोड, कुरेशियान, खंकर वाला कुआं, कनेटा रोड, लालबाग ऊंचा, संभल रोड, हिरन वाला आदि मोहल्लो में मौजूद मस्जिदों में जुमा अलविदा को नमाज अदा कराई गई। इसके अलावा सिहाली जागीर, अगरौला कलां, मछरई, आगापुर, बावनखेड़ी, कालाखेड़ा, हैबतपुर बंजारा, गंगवार, शंकर गढ़ी, जयतोली, सूतावली, बासका कलां, बासका खुर्द, पीपलोती कलां, पीपलोती खुर्द, बुरावली, ढवारसी आदि गांवो की मस्जिदों में जुमा अलविदा की नमाज को अदा कराया गया। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा सुबह से ही जुमा अलविदा की नमाज की तैयारिया की जा रही थी। बारिश होने के बावजूद शहर एवं देहात इलाके की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज को अदा करने के नमाजियों ने वक्त से पहले ही पहुंचना शुरू कर दिया था। जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमा अलविदा की नमाज को अदा कराया। मस्जिदों में मुल्क व कोम की तरक्की के लिए दुआ कराई गई। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। इस दौरान मुफ्ती मेराज अहमद ने बताया कि ईदगाह पर ईद उल फितर की नमाज सुबह 7:45 पर अदा की जायेगी।





# देर रात तक बाजारों में खरीदारी को उमड़ी भीड़

## टोपी, कुर्ता, पजामा व इत्र की हुई खूब खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान माह के आखिरी दिन बाजारों में खूब भीड़ रही। सुबह से हो रही तेज बारिश भी लोगों का उत्साह कम न कर सकी, बारिश हल्की होते ही लोगों ने बाजारों की तरफ रुख किया और जमकर खरीदारी की। ईद की सिवइयों से लेकर रेडीमेड कपड़ों व श्रृंगार के समानों की खूब बिक्री हुई जबकि टोपी, रूमाल, इत्र, सुरमा, जूते, चप्पल चूड़ी की दुकानों पर खरीदारी को रात भर भीड़ उमड़ी रही। महंगाई के बावजूद भी लोगों का उत्साह देखते बन रहा था। सिलाई की दुकानों पर भी काफी भीड़ देखी गई। बारिश से सड़कों पर पानी भर गया जिससे लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा और कारोबार भी कुछ हद तक प्रभावित हुआ। शुक्रवार को माहे रमजान के आखिरी दिन बाजारों में खरीदारी करने वालों की काफी भीड़ रही। हालांकि कुछ लोगों ने पहले ही खरीदारी कर ली थी। लेकिन सामान खरीदने से बचे कुछ लोगों ने शुक्रवार को अपनी जरूरत का सामान खरीदा। ईद पर कुर्ता पजामा और पठानी सूट युवाओं की पहली पसंद बने तो वही युवतियों के लिए बाजार में विभिन्न वैरायटी के सूट उपलब्ध रहे। इसके अलावा लखनवी व सीतापुरी टोपी भी युवाओं को खूब भा रही है जबकि सुगंधित इत्र की भी खूब सेल हो रही है। ईद पर वैसे तो मुस्लिमों में कई तरह के पकवान बनते है लेकिन सिवाई की मिठास का अपना अलग मजा है जिसको लेकर सिवाई की दुकानों पर भी भीड़ लगी है। देर रात तक बाजार दूधिया रोशनी में नहाए रहे और लोगों की भीड़ दुकानों पर खरीदारी को उमड़ी रही।

## त्यौहारों पर होगी ड्रोन कैमरों से निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ईद उल फितर और नवरात्रि के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करते हुए फ्लैग मार्च निकाला। शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी के नेतृत्व में पुलिस एवं रैपिड एक्शन फोर्स ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। प्रशासन द्वारा शांति और भाईचारा का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी बढ़ाने और सामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। इस दौरान अधिकारियों द्वारा त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था सुरक्षा का भरोसा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने पर बल दिया गया। त्यौहारों को देखते हुए गश्त और सीसीटीवी ड्रोन निगरानी बढ़ा दी गई है। ताकि माहौल शांतिपूर्वक बना रहा। आम जनता से अफवाह पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गति. विधियों की तत्काल पुलिस को जानकारी देने का आग्रह किया। इस दौरान कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

# चांद का दीदार होते ही आसमान में आतिशबाजी

## एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शुक्रवार को ईद के चांद का दीदार हो गया। आसमान में चांद देखते ही लोगों ने ईद को खुशी में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। शहर की ईदगाह में शनिवार की सुबह 7.30 बजे नमाज होगी।

ईद को लेकर कई दिनों से बाजारों में खरीदारी का माहौल है। वही शुक्रवार की शाम को ईद का चांद देखने के लिए लोग घरों की छत पर चढ़ गए, देर रात चांद का दीदार हुआ, इसके बाद दूसरे शहरों में चांद दिखने की खबर आने लगी। मस्जिदों से इमामों ने शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया। घरों मे जोर शोर से तैयारियां शुरू हो गई और महिलाएं पकवान बनाने में जुट गई। देर रात तक बाजार भी गुलजार रहे। बाजारों मे खास रौनक देखने को मिली। लोगों ने जमकर खरीदारी की महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने कपड़े जूते आदि सामान खरीदे। ईद की नमाज ईदगाह पर 7.30 बजे होगी जबकि आधे घंटे बाद आठ बजे जामा मस्जिद मे नमाज होगी।

# ट्रैक्टर छुड़ाने को थाने में काटा हंगामा, 25 पर मुकदमा

## पुलिस दबाव बनाने की कोशिश हुई नाकाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर थाना क्षेत्र में पुलिस पर अनुचित दबाव बनाने का प्रयास किया गया है। मिट्टी खनन में जब्त एक ट्रैक्टर को छुड़वाने के लिए थाने में हंगामा और नारेबाजी करने के आरोप में 10 नामजद और 15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 18 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे रजबपुर थाना परिसर में हुई। आरोप है कि कुशल पुत्र झोंडा (सदरपुर, रजबपुर), हर्षित पुत्र कालेन्द्र (टीचर कॉलोनी, गजरौला), धर्मेंद्र (जगुआ खुर्द, रजबपुर), जगतपाल (खादनगलिया), वीरपाल पुत्र तुलसी (सुदनपुर), मनोज (जैगुआ खुर्द), मोहन बेनीवाल (अहरोई, अमरोहा देहात), मुकेश पुत्र महेंद्र (सुदनपुर, रजबपुर), कुलदीप पुत्र भगवंत (घंसूरपुर, रजबपुर) और रामपाल (रसूलपुर, रजबपुर) सहित 15 अज्ञात व्यक्ति थाने पहुंचे। ये सभी लोग खनन अधिकारी द्वारा मिट्टी खनन में जब्त किए गए ट्रैक्टर को छुड़वाने के इरादे से आए थे। उन्होंने पुलिस पर अनुचित दबाव बनाने के लिए नारेबाजी की और हंगामा किया, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।आरोप है कि इसके बाद इन सभी व्यक्तियों ने बिना किसी अनुमति के रजबपुर थाना परिसर के अंदर वाली सड़क के बीचों-बीच बैठकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया, जिससे फरियादियों को काफी परेशानी हुई। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप निरीक्षक नरेशपाल राणा की तहरीर पर 19 मार्च को करीब 1:14 बजे इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 221/132/ 126(2)/192/285 के तहत मुक. दमा दर्ज किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी रजबपुर कोमल तोमर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# घरेलु सिलेण्डर की कालाबाजारी व रिफलिंग पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जिला पूर्ति अधिकारी ने संयुक्त टीम के साथ छापेमारी करके एक डेन्टर की दुकान से चार घरेलु गैस सिलेण्डर व रिफलिंग करने के उपकरण बरामद किए, जबकि डेन्टर टीम को देखकर दुकान छोड़कर भाग गया। आरोपी डेन्टर के विरूद्ध मण्डी धनौरा तहसील क्षेत्र के पूर्ति अधिकारी अमित कुमार की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक ओर तो आम उपभोक्ता गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं जबकि अवैध रूप से रिफलिंग करने वाले लोग घरेलु गैस सिलेण्डरों के माध्यम से ही रिफलिंग कर रहे हैं। नगर के चौपला स्थित एमडीए कॉलोनी के पास में स्थित मुश्ताक डेण्टर की दुकान पर अवैध रिफलिंग होने की जानकारी मिलने पर 18 मार्च की पूर्वान्ह 11:30 बजे जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी प्रथम, पूर्ति निरीक्षक नगर क्षेत्र एवं हसनपुर, कनिष्ठ सहायक की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। टीम को आता देखकर मुश्ताक तो मौके से भाग गया लेकिन उसकी दुकान से चार घरेलु गैस सिलेण्डर पाए गए, साथ ही अवैध रूप से रिफलिंग करने के उपकरण भी मिले। सभी सिलेण्डर व रिफलिंग के सामान को गैस एजेंसी के मैनेजर को सुपुर्द करते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा जांच के समय मांगे पर जाने पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक मण्डी धनौरा अमित कुमार की तहरीर पर आरोपी मुश्ताक डेण्टर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ पूर्ति विभाग ने की छापेमारी, आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

## मादक पदार्थ की तस्तरी में सवा साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में अदालत ने युवक को एक साल 3 महीने जेल की सजा सुनाई, दोषी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2016 में पुलिस ने नगर के मोहल्ला अल्लीपुर निवासी चमन को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस को उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ भी बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी चमन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया था। दस साल से यह मामला अदालत में विचाराधीन था। गुरुवार को इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाही के आधार पर अदालत ने चमन को दोषी माना।

# बारिश से ठंड ने लिया यू-टर्न, लोगों ने निकाले गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक सप्ताह पहले तक जहां कड़ी धूप ने गर्मी का एहसास कराना शुरू कर दिया था, वहीं अब मौसम ने अचानक करवट लेकर फिर से सर्दी का अहसास लौटा दिया है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और बादलों की घेराबंदी ने तापमान गिरा दिया है, जिससे लोगों को एक बार फिर गर्म कपड़े निकालने पड़े हैं।

बता दें कि मार्च का माह प्रारंभ होते ही तेज धूप और गर्मी होने लगी थी। लोग गर्मी का रौद्र रूप देखकर यह भी कहने लगे थे कि इस बार सीजन में गर्मी ज्यादा पड़ेगी, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम ने यू-टर्न लेते हुए फिर से ठंडक का अहसास दिलाया है। शुक्रवार को सुबह से हुई तेज बारिश और ठंडी हवाओं के कारण मौसम में ठंड बढ़ गई। लोगों ने अपने स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े गर्मी के कारण पैक करके रख दिए थे, वे भी पुनः निकालने पड़े। वहीं स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को बारिश के बावजूद घरों से निकलना पड़ा। सड़कों पर कीचड़ और नगर की सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति से आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ा।



## बारिश व हवाओं से ढही गेहूं की फसल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** बारिश व तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल ढ़हने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं हैं। यदि मौसम ठीक नहीं हुआ तो किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि गेहूं की फसल अब लगभग पककर तैयार हो चुकी है।

## सात घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मौसम खराब होने का असर विद्युत व्यवस्था पर भी देखने को मिला। सुबह से लेकर दोपहर तक करीब सात घंटे तक विद्युतापूर्ति ठप रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न होने के कारण समसर्बिसल भी नहीं चल सके और लोगों को पेयजल के लिए भी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि शुक्रवार को मौसम काफी खराब रहा। सुबह से ही बारिश होने लगी थी। तेज हवाएं चलने से तार आपस में टकराने और पेड़ों की टहनियां टूटकर लाइनों पर गिरने के कारण फाल्ट होने लगे और सुबह के करीब सात बजे बिजली चली गई। इस के बाद दोपहर के दो बजे तक बिजली नहीं आई। एक बार बीच में जैसे ही विभाग ने आपूर्ति चालू की त्यों ही तेज फाल्ट हो गया। बिजली कर्मचारी घंटो तक विद्युत लाइनों पर गिरीं पेड़ों की टहनियों के हटवाने के लिए पैट्रोलिंग करते रहे। दोपहर में लाइट आने के बाद ही लोगों को राहत की सांस ली मिली।

# बकाया रकम मांगने पर घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा

## मोहल्ले वालों ने ललकारा तो जान से मारने की धमकी देकर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** मोबाइल की बकाया रकम मांगने पर कुछ लोगों ने युवक के साथ पहले फोन पर अभद्रता की। युवक जब शिकायत करने सिविल लाइंस कोतवाली गया तो अभद्रता करने वालों ने उसके घर पर हमला बोल दिया। घर पर मौजूद उसकी मां और भाई को बुरी तरह से पीटा। शोर-शराबा होने पर मोहल्ले वालों ने हमलावरों को ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरो. पियों के खिलाफ सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के बंधन मैरिज हाल के पास रहने वाले फैजान का कहना है कि उसने काफी समय पहले अपना मोबाइल शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी महबूब खां निवासी आरिब को बेचा था। मोबाइल के अभी 30 हजार रुपया अभी बकाया है। बुधवार को उसने फोन कर आरिब से बकाए पैसे मांगे तो वह भड़क गया और गालियां बकने लगा। फैजान के अनुसार इसके बाद वह शिकायत करने सिविल लाइंस कोतवाली जाने लगा। तभी आरिब ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला बोल दिया। घर में मौजूद छोटे भाई अमान और मां को बुरी तरह से पीटा। जिससे सभी घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर मोहल्ले वाले आए और हमलावरों को ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से फरार हो गए। हमलावरों के जाने के बाद छोटे भाई अमान ने इसकी सूचना फोन से उसे दी। फैजान ने सिविल लाइंस कोतवाली में आरिब, शाकिब, फैजान, साकिब सैफी, नबाब अली, मुजिब, रोमान खान और सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## जुमा अलविदा की नमाज क्षेत्रो की मस्जिदों में शांतिपूर्वक अदा की गई मस्जिदों के बाहर तैनात रहा पुलिस बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मुकद्दस रमजान माह के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई नमाज के बाद नमाजियों ने क मुल्क व मिल्लत की तरक्की के लिए हाथ उठाएं मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। मुकद्दस रमजान माह का यह आखरी शुक्रवार था जिसे अलवीदा के नाम से जाना जाता है यह मुकद्दस रमजान माह का पांचवा जुमा था रोजेदारों में नमाज को लेकर काफी जोश खरोश था सुबह से ही लेकर तमाम रोजेदार नमाज की तैयारियों में जुट गए दोपहर होने से पहले ही मस्जिदों में नमाजियों की संख्या पर्याप्त मात्रा में हो चुकी थी। अजान होते ही मस्जिदें नमाजियों



से खचाखच भर गई नगर की अधिकांश मस्जिदों में उलेमा इकराम ने रोजा और इबादत को लेकर तकरीर बयान की और मुसलमानों से रोजा नमाज का पाबंद रहने का आह्वान किया। इसके अलावा नगर के मोहल्ला भूबरा, चाउपुरा, मोहल्ला इस्लामनगर, बिजारखाता, मानपुर उत्तरी, अलीगंज, खोद कला, धर्मपुर उत्तरी, मौलागढ़, शिक. ारपुर, शिवनगर लोहारी, पट्टी कला, घोसीपुरा, मिलक नौखरीद, समेत आसपास के गांव में जुमा अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई नमाज के बाद नमाजियों ने मुल्क व मिल्लत की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

## 24 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप युवाओं को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत जनपद में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 24 मार्च 2026 को प्रात: 10:00 बजे से पॉलिटेक्निक के प्रांगण में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 25 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से जनपद के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने जानकारी दी कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों का त्वरहंतैदहंउ च्वतजंस पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी पसंद की कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है। यदि कोई कंपनी या व्यक्ति कॉल या एसएमएस के माध्यम से किसी प्रकार की फीस या धनराशि की मांग करता है, तो अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में भुगतान न करें। साथ ही मेले में प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# ईद की नमाज के दौरान बंद रहेंगे रास्ते रूट प्लान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** ईद के मौके पर ईदगाह पर होने वाली नमाज के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर लिया गया है। नमाज के दौरान ईदगाह की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बैरियर लगाकर बंद कर दिया जाएगा। ताकि कोई वाहन अंदर न जा सके। इसके अलावा हर प्वाइंट पर पार्किंग स्थल बनाया गया है। जहां पर नमाजी अपने वाहन खड़े करके पैदल ईदगाह की ओर जाएंगे। ईद के मौके पर शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में नमाज अदा की जाती है। इस दौरान तकरीर भी होती है। हजारों की संख्या में नमाजी ईदगाह पहुंचते हैं। हर बार आलम यह हो जाता है कि ईदगाह का मैदान फुल होने के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर बैठकर नमाज अदा करते हैं। लिहाजा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए हर साल ट्रैफिक प्लान तैयार करने के साथ ही सुरक्षा के लिहाज से भारी फोर्स तैनात की जाती है। शनिवार को होने वाली नमाज को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने अपना प्लान तैयार कर लिया है। जिसकी जानकारी देते हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि नमाज के दौरान ईदगाह की ओर जाने वाले सभी रास्ते बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस से आने वाले वाहनों को शहनाई मंडप के पास पार्क कराया जाएगा। किला पूर्वी गेट पर बैरियर लगाकर बंद कर दिया जाएगा। यहीं पर पार्किंग की व्यवस्था है। पानदरीबा से ईदगाह की ओर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया जाएगा। नवाब गेट पर बैरियर लगाया जाएगा, कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाया गया है। इसके अलावा स्टार चौराहे से कुछ आगे बैरियर लगाकर रास्ते को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहां-जहां पर बैरियर लगाए जाएंगे, वहां पर पार्किंग स्थल भी बनाया गया है। ताकि लोग अपने वाहन पार्क पर पैदल नमाज के लिए ईदगाह की ओर जाएं। यह व्यवस्था नमाज खत्म होने तक बनी रहेगी।

# बाल सेवा योजना से अनाथ बच्चों को सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं के लिए संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योजना के तहत हजारों बच्चों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

योजना के अंतर्गत ऐसे बच्चों को प्रति माह घ4000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। वहीं 11 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कक्षा 12 तक नि:शुल्क शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं के विवाह हेतु घ1,01,000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा कक्षा 9 या उससे ऊपर की पढ़ाई कर रहे अथवा व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 वर्ष तक के बच्चों को टैबलेट अथवा लैपटॉप की सुविधा भी दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक इस योजना के अंतर्गत 16,061 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है, जबकि वर्तमान वर्ष में 14,214 बच्चों को घ4000 प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है तथा अब तक 1003 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए हैं।

इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) भी संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को, जिन्होंने 1 मार्च 2020 के बाद अन्य कारणों से अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, घ2500 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस श्रेणी में 18 से 23 वर्ष तक के युवाओं को, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, भी योजना का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्रों को भी 23 वर्ष की आयु या स्नातक अथवा डिप्लोमा पूर्ण होने तक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 1,03,430 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 87,082 बच्चों को योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

## मौसम बदला, गेहूं की फसल पर संकट के बादल

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** जनपद में मौसम के अचानक बदलने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह से हुई बूंदाबांदी और तेज हवा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया।

जिले में इस समय लगभग 1.37 लाख हेक्टेयर में गेहूं की फसल खड़ी है, जिसकी जल्द कटाई होनी है। ऐसे में लगातार बारिश या अधिक नमी फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। हालांकि हल्की बूंदाबांदी से फिलहाल अधिक नुकसान की आशंका नहीं जताई गई है।

कृषि विभाग के अनुसार यदि बारिश तेज होती है या खेतों में पानी भरता है तो गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। इसको लेकर किसान सतर्क हो गए हैं। वहीं इस मौसम का मक्का, उड़द, मूंग और हरी सब्जियों की फसलों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राना ने किसानों को मौसम को देखते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी

## सघन अभियान में 9 वाहनों पर 1-25 लाख का जुर्माना, प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में चलाए गए सघन प्रवर्तन अभियान के तहत परिवहन विभाग ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की व्यापक जांच की।

अभियान के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (।त्ज्व) की टीम ने कई वाहनों को रोका और दस्तावेजों की जांच की। जांच में पाया गया कि कुछ वाहन निर्धारित मानकों के विपरीत नंबर प्लेट का उपयोग कर रहे थे, जबकि कई वाहनों का टैक्स भी बकाया था।

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 9 वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई और कुल घ1,25,000 का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही वाहन स्वामियों को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने और समय से टैक्स जमा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## गेहूं की खरीद 25 मार्च से शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 25 मार्च से शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है। प्रशासन की ओर से खरीद के लिए केंद्रों का निर्धारण भी हो चुका है। एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए किसानों के पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। किसान खाद्य विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। यूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप पर भी पंजीकरण करा सकते हैं। सरकार ने 2585 समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

## बूंदाबांदी और तेज हवाओं के कारण हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन नगर समेत क्षेत्र की बिजली आपूर्ति चौपट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** बूंदाबांदी और तेज हवाओं के कारण लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया जिससे नगर समेत क्षेत्र के गांवो की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई इससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार की रात मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच टांडा दड़ियाल मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत चाउपुरा भूबरा बिजारखाता रहमतगंज सीतारामपुर कुंदनपुर अलीगंज खुशहालपुर मानपुर मंसूरपुर सेमरा लाडपुर करीमपुर मिलक नौखरीद हसनपुर उत्तरी पट्टी कला घोसीपुरा धर्मपुर उत्तरी किशनपुर मौलागढ़ शिकारपुर शिवनगर बब्बरपुरी लोहार इनायतगंज खानपुर उत्तरी मोतीपुरा गागन नगली नरपत नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति चौपट होगई जिसकी वजह क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा साथ ही रोजेदारो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्रेकडाउन दूर करने के लिए बिजली कर्मियों ने हाई टेंशन लाइन पर पेट्रोलिंग की और दड़ियाल के निकट एचडी खंबे पर फाल्ट को सही किया गया। उधर अवर अभियंता श्याम लाल ने बताया की एचडी लाइन के खंभे से फॉल्ट दुरुस्त कर दिया गया है बिजली आपूर्ति शीघ्र ही चालू कर दी जाएगी।



मसवासी के ददियाल मार्ग पर एचटी लाइन के खंभे पर फॉल्ट दूर करता बिजली कर्मचारी

# आखरी अलविदा जुमे की नमाज, शांतिपूर्वक तरीके से अदा की

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** रमजान उल मुबा. रक के आखिरी जुमे यानी जुमा अलविदा के मौके पर शहर समेत क्षेत्रभर की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाज के किए मस्जिदे नमाजियों से भरी दिखी,शाहबाद की हर एक मस्जिद नमाजियों से भरी दिखाई दी। इस मौके पर नगर पंचायत शाहबाद की ओर से प्रत्येक मस्जिद पर नमाजियों के स्वागत के लिए चूना डलवाया गया। रमजान उल मुबारक के



आखिरी जुमे यानि अलविदा की नमाज के मौके पर नगर की प्रत्येक मस्जिद पर पुलिस तैनात रही। कोतवाल प्रदीप कुमार, एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह, एसआई अतिशय जैन मस्जिदों पर मौजूद रहे। उधर बिलाल मस्जिद में मुफ्ती साकिब साहब ने बयान करते हुए कहा कि मोमिन ईद की खुशियों को गरीबों के संग मिलकर मनाएं। इस मौके पर जमा मस्जिद के इमाम सलमान साहब ने रमजान उल मुबारक महीने की फजीलत बताते हुए कहा कि यह बरकतों का महीना आज हमसे जुदा हो रहा है, इस माह में अल्लाह की रहमते बरसती है।मोहल्ला बेदान मुस्तफा मस्जिद के इमाम मुमताज रजा ने। ईद भाई चारे के साथ मनाने की अपील की।

## साइबर पुलिस ने खाते से कटी रकम वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** साइबर पुलिस ने एक व्यक्ति के खाते से कटी 8110 रुपये की राशि वापस कराई है। शाहबाद थाना क्षेत्र के ढकिया गांव निवासी यासीन वेग के साथ यह साइबर धोखाधड़ी हुई थी। उन्होंने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।यासीन वेग के बैंक खाते से 8110 रुपये कट गए थे। उन्होंने 23 फरवरी 2026 को स्वयं ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर इस संबंध में शिकायत दर्ज की।अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के तहत यह कार्रवाई की गई। साइबर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रामपुर के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र,




अपर पुलिस अधीक्षक साइबर नोडल अधिकारी अनुराग सिंह और क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध हर्षित सिंह के कुशल नेतृत्व में यह प्रकरण सुलझाया गया।इस मामले में थाना शाहबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए शिकायतकर्ता यासीन वेग के 8110 रुपये 20 मार्च 2026 को उनके बैंक खाते में वापस करा दिए।

## रामपुर में सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक: लापरवाही पर सख्त एक्शन, आबकारी अधिकारी का वेतन रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों में ढिलाई पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में कई विभागों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई। बैठक के दौरान विभागवार कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य के अनुरूप काम न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिला आबकारी अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं, मंडियों में आय और आवक में कमी पाए जाने पर रामपुर, शाहबाद, मिलक और बिलासपुर के मंडी सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि (निगेटिव कमेंट) देने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मंडियों की कार्यप्रणाली सुधारने और आय बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। बैठक में धारा 24 के तहत लंबित मामलों की भी समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पुराने मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। डीएम ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## ईद का चांद नजर आया, शनिवार को अदा होगी ईद की नमाज; क्षेत्र में दिखा खासा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सैफनी क्षेत्र में ईद का चांद दिखने की पुष्टि हो गई है। चांद नजर आते ही मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। रमजान के पवित्र महीने के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को मनाया जाएगा। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। शाहबाद और सैफनी समेत आसपास के क्षेत्रों में ईदगाहों की साफ-सफाई, सजावट और अन्य



व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाजारों में भी खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। लोग नए कपड़े, सेवइयां, मिठाइयां और अन्य आवश्यक सामान खरीद रहे हैं। बच्चों और बड़ों में इस पर्व को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार, ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। इस दिन लोग ईदगाह में सामूहिक नमाज अदा कर देश में शांति, प्रगति और खुशहाली के लिए दुआ करते हैं। प्रशासन ने ईद के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए यातायात प्रबंधन और साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

## आज उत्तर प्रदेश भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य : जमुना देवी

**चौमुहां ।** उत्तर प्रदेश सरकार के ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चौमुहां विकास खंड के सभागार में प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी प्रमुख प्रतिनिधि पंडित राजराम शर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों व प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा बारी–बारी से उनके उत्पादोंध्योजनाओंध्उपलब्धियों आदि की जानकारी ली। कार्यक्रम में बाल विकास विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पशु चिकित्सा विभाग , स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सश. क्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विक. सित होने वाला राज्य बन चुका है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित राजराम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार में बेटियों के सम्मान के लिए बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओं योजनान्तर्गत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक का पैसा दिया जा रहा है। प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवारों की बेटियों के लिए सामुहिक विवाह योजना अन्तर्गत 01 लाख रूपये की सहायता प्रदान की जा रही है। महिला सुरक्षा और सम्मान के दृष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन, एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला बीट पुलिसिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 09 वर्षो के दौरान उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

# सैफनी क्षेत्र में जुमा अलविदा की नमाज सादगी के साथ अदा



तकिया बाली मस्जिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सैफनी और आसपास के गांवों में रमजान मुबारक माह के आखिरी जुमा, जुमा अलविदा के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने पूरी अकीदत और सादगी के साथ नमाज अदा की। इस पवित्र अवसर पर क्षेत्र की मस्जिदों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। जुमा अलविदा की नमाज के लिए बच्चे, बुजुर्ग और नौजवान बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे। नमाज के दौरान लोगों ने मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। मस्जिदों में इमाम साहबों ने रमजान के फजीलत, रोजे की अहमियत और इंसानियत के पैगाम पर रोशनी डाली।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर रमजान के मुकम्मल होने की मुबारकबाद दी। पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क रहा, जिससे नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जुमा अलविदा के इस पावन मौके पर लोगों ने सादगी और अनुशासन का परिचय देते हुए धार्मिक आस्था का संदेश दिया-

## रामपुर में ओलावृष्टि से गेहूं की फसल तबाह, किसानों को 30-40% नुकसान का अंदेशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में बीते दिनों हुई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी और कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि इस प्राकृतिक आपदा से उन्हें करीब 30 से 40 प्रतिशत तक नुकसान होने की आशंका है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह तेज हवाओं के कारण गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे दानों की गुणवत्ता खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं ओलावृष्टि ने बालियों को सीधा नुकसान पहुंचाया है। जिन किसानों ने फसल की कटाई शुरू कर दी थी, उनकी कटी हुई फसल भी बारिश में भीगकर खराब हो गई। किसानों के मुताबिक फसल इस समय पूरी तरह तैयार थी और कटाई का काम तेजी से चल रहा था। ऐसे में अचानक बदले मौसम ने उनकी उम्मीदों को झटका दिया है। खेतों में पानी भरने और फसल गिरने से अब कटाई और मड़ाई में भी दिक्कतें आ रही हैं।

कई किसानों ने बताया कि इस बार पहले ही लागत बढ़ी हुई थी और अब इस नुकसान से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। उधर कृषि विभाग के अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन की ओर से जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी (फसल सर्वे) कराकर नुकसान का आकलन किया जाएगा, ताकि पात्र किसानों को राहत प्रदान की जा सके। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण यह बदलाव आया है, जिससे उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली है। फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं और आगे मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि बची हुई फसल को सुरक्षित काटा जा सके।

# सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों की समीक्षा, लापरवाही पर सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता।**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला आबकारी अधिकारी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मण्डियों से आय एवं आवक कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने रामपुर, शाहबाद, मिलक एवं बिलासपुर के मण्डी सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मण्डियों की कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए आय एवं आवक बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में धारा 24 के अंतर्गत पुराने लंबित वादों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं एवं कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करते हुए किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतें।

# एएसपी अनुराग सिंह ने बोले जिले में लगभग 1200 मस्जिदों 179 ईदगाहों में होगी ईद की नमाज

## सुरक्षा के लिए छह जोन व 16 सेक्टर में बांटा गया जिला फोर्स रहेगा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** आगामी ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरे जनपद को छह जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जहां संबंधित अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि जिले में लगभग 1200 मस्जिदों एवं 179 ईदगाहों में नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जिसमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आरक्षी एवं होमगार्ड शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इस बार भी सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी और नमाज केवल निर्धारित ईदगाहों एवं मस्जिदों में ही संपन्न कराई जाएगी। नमाज के दौरान ईदगाह की ओर जाने वाले मार्गों पर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा तथा सुबह 5 बजे से रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा। नमाजियों की सुविधा के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी की गई है। विभिन्न मार्गों से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां वाहन खड़े किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठकें आयोजित कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई है। अधिकारियों ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग नियमों का पालन करें और आपसी सौहार्द बनाए रखें।



# थार की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल

## एक की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में देर रात थार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शहरी का वक्त होने के कारण हादसे के वक्त काफी चहल-पहल थी। जिस पर चालक थार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने थार को कब्जे में लेने के बाद घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा। जहां से एक की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल





पहुंच गए। हादसा शहर कोतवाली में किला गेट के पास सुबह करीब तीन बजे हुआ। बताते हैं कि मोहल्ला नालापार निवासी इरफान व फरमान आपस में दोस्त हैं। रमजान चलने के कारण दोनों रात में घूम रहे थे। सुबह करीब तीन बजे वह लोग बाइक से किला गेट के पास जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों मय बाइक काफी दूर तक फिसलते चले गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त वहां पर काफी चहल-पहल थी। लिहाजा थोड़ी देर में ही मौके पर काफी भीड़ जुट गई। जिस पर चालक थार छोड़कर फरार हो गया। क्षेत्रीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने थार को कब्जे में ले लिया है।

# कोयला ढाबा पर छापेमारी, 13 गैस सिलेंडर जब्त; अवैध भंडारण पर एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण की शिकायत के आधार पर 19 मार्च 2026 को बिलासपुर रोड स्थित चाकू चौराहा के पास कोयला ढाबा पर प्रशासन ने आकस्मिक छापेमारी की। यह कार्रवाई जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान ढाबे के किचन क्षेत्र से कुल 13 कामर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें 9 बड़े और 4 छोटे (5 किलोग्राम) सिलेंडर शामिल थे। जांच में कुछ सिलेंडर भरे एवं सील. बंद पाए गए, जबकि कई सिलेंडर खाली अवस्था में थे। मौके पर कुछ



सिलेंडर उपयोग में भी पाए गए। मौके पर मौजूद ढाबा सुपरवाइजर लईक हसन ने लिखित रूप से बताया कि सिलेंडरों के संबंध में कोई वैध कनेक्शन या अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं तथा गैस विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त की जाती है। प्रकरण को गंभीर मानते हुए सभी सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर शमीम इंडेन ग्रामीण वितरक, आंगा को सुरक्षित अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। प्राथमिक जांच में अवैध भंडारण एवं दुरुपयोग की पुष्टि होने पर ढाबा संचालक (कोयला बाबा) के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेस-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में थाना शहजादनगर की महिला सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ग्राम डुडंई एवं स्थानीय बाजार में महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधानों एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया। इनमें 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकाल. ीन सेवा) एवं 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता शामिल रही। इसके अतिरिक्त घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी घटनाओं के संबंध में जागरूक करते हुए इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया भी समझाई गई। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

# सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन में कार्यक्रम, उपलब्धियां गिनाई गईं

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 कृषि राज्य मंत्री ठंसकमअ पदही ।नसांी ने पुलिस अधीक्षक रामपुर के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से जनपद में कराए गए उल्लेखनीय विकास कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं, नवाचारों एवं उपलब्धियों को दर्शाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री, आईजीआरएस सहित कई योजनाओं में जनपद द्वारा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना सराहनीय है। साथ ही उन्होंने जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से





प्रारंभ हुई सुशासन, सुरक्षा और विकास की यात्रा के 9 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जो व्यवस्था परिवर्तन का प्रतीक है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने कानून का राज, पारदर्शी प्रशासन और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध एवं माफिया पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है, जिससे प्रदेश निवेश के लिए सुरक्षित वातावरण बना है। राज्यमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण योजनाओं के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ दिया गया है। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

कृषि क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि, गन्ना मूल्य भुगतान एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सीधा लाभ मिला है। युवाओं को रोजगार, टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण तथा स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ा गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, मेट्रो एवं औद्योगिक निवेश के माध्यम से प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। पर्यटन विकास के तहत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं अयोध्या में हुए विकास कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2029-30 तक 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि एवं उपकरण वित. रित किए गए। श्रम विभाग के तहत अमर सिंह को कन्या विवाह सहायता, संजीव सैनी एवं नाजिम खान को मातृत्व शिशु एवं मदद योजना तथा अशोक कुमार एवं मोहम्मद आलम को मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए गए।

खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक, पगमिल मेकिंग मशीन एवं मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन वितरित की गई। वहीं, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण-पत्र तथा कृषि विभाग द्वारा कृषकों को कृषि यंत्रों के लिए अनुदान प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से पंजीकृत कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

# रामपुर में २४ घंटे में दूसरा अज्ञात शव मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर** में 24 घंटे के भीतर दूसरा अज्ञात शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। ताजा मामला केमरी क्षेत्र का है, जहां पीलाखार नदी से एक अज्ञात किशोर का शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने नदी में शव देखा और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और हर पहलू से मामले की पड़ताल की जा रही है। इससे पहले भी 24 घंटे के अंदर एक और अज्ञात शव मिलने की खबर सामने आई थी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। लगातार शव मिलने की घटनाओं ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों को जोड़कर भी जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाली जा रही है, ताकि मृतकों की पहचान हो सके और घटना के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।

# आयुर्वेदिक एवं योगिक जीवशैली से टीबी और किडनी रोगों से करें बचाव

## सीआरपीएफ परिवार कल्याण केंद्र में टीबी और किडनी रोग जागरूकता एवं बचाव शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** क्षेत्रीय सीआरपीएफ परिवार कल्याण संस्था अध्यक्षा रेखा सिंह ने समूह केन्द्र स्थित परिवार केन्द्र सभागार में आयोजित टीबी और किडनी रोग से बचाव एवं निदान कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि योग और आयुर्वेद निरोगी जीवन का आधार है। आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद और योग को अपनी दिनचर्या का नियमिति हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने टीबी और किडनी रोगों के प्रबंधन में आयुर्वेद की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि फेफडों की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि धूम्रपान से पूर्णतया बचाव रखें एवं फेफड़ों की मजबूती के लिए प्राणायाम में अनुलोम-विलोम और भस्त्रिका का नियमित अभ्यास एक सुरक्षा कवच का काम करता हैं। जबकि आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों जैसे गिलोय, तुलसी और अश्वगंधा का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दो सप्ताह से अधिक समय की खांसी होने पर आपने क्षेत्र की आशा से संपर्क कर डॉट केन्द्र से टीबी की जांच कराएं। किडनी की सुरक्षा के लिए पुनर्नवा, गोक्षुर और वरुण जैसी जड़ी-बूटियाँ अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने मान.




सिक स्वास्थ्य और शारीरिक व्याधियों के अंतर्संबंध को समझाते हुए कहा कि तनाव मुक्त रहने के लिए भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का नियमित अभ्यास अनिवार्य है। उचित पोषण और संचरण के लिए संतुलित आहार और रसायनों से मुक्त भोजन अपनाना हमारे लिए आज की सबसे प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिएक्क ताकि फेफडे और किडनी जैसे महत्वपूर्ण अंगों की प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। स्वास्थ्य कार्यशाला में क्षेत्रीय कावा अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह धर्मशक्तू, सभी अधिकारी की पत्नी श्रीमती संगीता, हेमलता और सीडब्ल्यूए सचिव- श्री रणधीर प्रताप और आरसीडब्ल्यूए के सदस्य इंस्पेक्टर। वीपी ध्यानी, मंजू महला, सुनिधि, शिवानी, सत्या, दीपक कुमार, मंजीत दास और ग्रुप सेंटर परिसर में रहने वाले लगभग 65 परिवारों और सीआरपीएफ कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कावा सचिव रणधीर सिंह ने मुख्य वक्ता सहित सभी का आभार व्यक्त किया और उपस्थित जनों को स्वस्थ एवं व्यसन मुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया।

# बारिश ने कराया ठंड का अहसास, फिर निकले गर्म कपड़े

## शुक्रवार की सुबह से होने वाली बारिश के बीच चली ठंडी हवा दिन में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता।**


**रामपुर।** शुक्रवार को मौसम ने पूरी तरह से करवट ले ली है। शुक्रवार की सुबह की शुरुआत गरज-चमक और ठंडी फुहारों के साथ हुई, जिसने शहर की रफ्तार पर थोड़ा ब्रेक जरूर लगाया है, लेकिन बढ़ते पारे से परेशान लोगों के चेहरे खिला दिए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज आसमान में घने बादलों का डेरा रहेगा। दोपहर से शाम तक, रुक-रुक कर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होती रही। सबसे ज्यादा ध्यान देने वाली बात हवा में नमी की है। जो शुक्रवार को बढ़कर 82 फीसदी तक पहुंच गई। तापमान की बात करें तो आज अधिकतम 21 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से होने वाली बारिश के बीच रोजमर्रा के कामों से निकलने वाले लोग भीगते हुए नजर आए। आज ठंड का असर ऐसा रहा कि जिन्होंने गर्म कपड़े अलमारियों में रख दिए थे उनको आज फिर निकालना पड़ा। वहीं बारिश के कारण अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने के लिए जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से बचने के लिए नमाजियों ने छाते का सहारा लिया। इस बार पड़ी कड़ाके की ठंड ने कई सालों के रिकार्ड तोड़ दिए थे। दिसंबर से फरवरी के पहले सप्ताह तक लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। हालांकि इसके बाद मौसम में धीरे-धीरे सुधार होने लगा लेकिन बीच-बीच में होने वाली बारिश ठंड का अहसास कराती रही। मार्च शुरू होने के साथ ही मौसम ने अचानक करवट बदल ली और गर्मी का अहसास होने लगा। नतीजा यह रहा कि लोगों ने सर्दी के कपड़े अलमारियों में रख दिए। धीरे-धीरे गर्मी का असर बढ़ने लगा और दोपहर को लोग धूप से बचते नजर आ रहे थे। इस बीच गुरुवार को फिर मौसम ने करवट ली। दिन भर छाई रहने वाली बदली के कारण गर्मी का असर कम हो गया था। ईद नजदीक होने के कारण बाजारों में भी रौनक बढ़ गई थी। देर रात तक बाजार गुलजार रहे। हालांकि शुक्रवार को मौसम ने फिर करवट बदली। शुक्रवार की सुबह की शुरुआत गरज-चमक और ठंडी फुहारों के साथ हुई, जिसने शहर की रफ्तार पर थोड़ा ब्रेक लगा दिया। बारिश के बीच रोजमर्रा के कामों से निकलने वाले लोग भीगते हुए देखे गए। दिन भर रुक-रुक कर हुई बारिश ने अच्छी-खासी ठंड का अहसास करा दिया। शुक्रवार को रामपुर का अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि दस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ठंडी हवा चली तो वहीं नमी 82 फीसदी तक दर्ज की गई। बारिश के कारण नमाजियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद







































































## गर्दिश में सितारे

# जैक एडवर्ड्स आईपीएल-2026 से बाहर



● जैक एडवर्ड्स को नीलामी में एसआरएच ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।

25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतजार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है।

## हेजलवुड, स्टार्क और नेथन पर भी संशय

### सीए आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख बॉलरों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है







**चेन्नई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड के अपनी टीमों के शुरुआती आईपीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना कम है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है।

इसका मतलब है कि स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो आगामी आईपीएल सीजन के कुछ हिस्से या पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पैट कमिंस पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों से बाहर हो चुके हैं, जबकि जैक एडवर्ड्स (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शुक्रवार को पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नेथन एलिस (चेन्नई सुपर किंग्स) के भी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने की प्रबल संभावना है।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई समर में सिर्फ एक टेस्ट खेला था। दिसम्बर में खेला गया तीसरा एशेज टेस्ट, जुलाई 2025 के बाद उनका एकमात्र मैच था। उन्होंने इस टेस्ट मैच से पहले और बाद में अपनी पीठ की स्ट्रेस चोट को मैनेज किया। वहीं, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। हेजलवुड ने पिछले साल घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सीमित ओवर के कुछ मैच खेले थे, साथ ही नवम्बर में एक शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया था। लेकिन पिछले कई महीनों में वह ज्यादातर समय बाहर ही रहे हैं। स्टार्क एशेज में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य गेंदबाज रहे। उन्होंने सभी पांच टेस्ट खेले और 31 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। वह सीजन के अंत में बीबीएल में भी खेले थे। स्टार्क टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले राउंड में ही बाहर हो गया। कमिंस और हेजलवुड भी उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

## फर्ग्यूसन आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर रहेंगे



● लॉकी फर्ग्यूसन जो हाल ही में पिता बने हैं, अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे।

द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा कि अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊंगा। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा। मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी-20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद दीक्षा संयुक्त 8वें स्थान पर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा( उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी (73) हैं, जिनके लिए हफ्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही।

#### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में 3800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, वार्ता।** रायपुर में बुधवार से शुरु होने वाले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में देशभर के 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को रायपुर संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और कोटा स्टेडियम सहित प्रमुख खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और उनके साथ आने वाले स्टाफ की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाईलैंड पहुंची भारतीय महिला टीम

● भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार सुबह एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए थाईलैंड पहुंच गई। 20 साल बाद एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली 'यंग टाइग्रेस' टीम को 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले से पहले बैंकॉक की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे चीनी ताइपे से भिड़ेगा। एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुपों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। स्वीडन के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने जनवरी में आईडब्ल्यूएल के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। इसके बाद टीम ने स्वीडन में एक महीने का कैंप किया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की सीनियर टीमों के खिलाफ पांच फेंडली मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद टीम ने कोलकाता में अपनी तैयारियां जारी रखीं, जहां से वह शुक्रवार तड़के थाईलैंड के लिए रवाना हुई। एलेक्जेंडरसन टूर्नामेंट के करीब अंतिम 23 सदस्ईय टीम की घोषणा करेंगे।

**एएफसी** अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए थाईलैंड गई भारत की 24 सदस्ईय टीम-

**गोलकीपर:** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम, नंदिनी, रिबांसी जामू

**डिफेंडर:** अलका इंडवार, सिडी रेमरुआतपुई कोल्नी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, साहेना टीएच, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तो. इजाम

**मिडफील्डर:** अंजू चानू काएनपाइबम, अरीना देवी नामेइ. रकपम, भूमिका देवी खुमुकचम, मोनिशा सिघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया



● न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है

**ऑकलैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63 ) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लएर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुए। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली।

यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्द्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16-2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुक. ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत-अभय क्वार्टरफाइनल में



● अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई

**मुम्बई, वार्ता।** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई। 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं तन्वी खन्ना ने म्रि की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की। अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में, दूसरे वरीयता प्राप्त और पिछले साल के उपविजेता अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को हरा दिया। शुरुआत में मुकाबला कड़ा होने के बावजूद, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने 3-0 से शानदार जीत हासिल की।

वीर चोत्रानी भी अगले दौर में पहुंच गए, क्योंकि उनके जर्मन प्रतिद्वंद्वी यानिक ओम्लोर को मैच की शुरुआत में ही चोट के कारण हटना पड़ा। हालांकि, मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी याह्या अल-नवासाणी अपने ही देश के इब्राहिम अल- कब्बानी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस परिणाम के बाद, अभय अब पुरुषों के ड्रॉ में सबसे ऊंची वरीयता वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जोरदार प्रयास के बावजूद, वेलवन सेंथिलकुमार शांत और संयमित अमीशेनराज चंद्रन के सामने पिछड़ गए।

## दूसरे दौर में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका



● प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने इस जीत के साथ फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी

**मियामी, वार्ता।** ब्राजील के जोआओ फोन्सेका ने गुरुवार को मियामी ओपन में एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। फोन्सेका का दूसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज से मुकाबला होगा।

नेक्स्टजेनएटीपी स्टार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के पहले राउंड के कड़े मुकाबले में फैबियन मारोजसान को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। ब्राजीलियाई प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने एक घंटे 50 मिनट की इस जीत के साथ, फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला होगा। अल्काराज के साथ फोन्सेका का मियामी में यह मुकाबला, ब्राजीलियाई खिलाड़ी के जानिक सिनर के साथ पहले टूर-स्तरीय मुकाबले के ठीक बाद हो रहा है। पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स में पहली बार मास्टर्स 1000 के चौथे राउंड में खेलते हुए, फोन्सेका ने सिनर को दो टाई-ब्रेक सेट तक कड़ी टक्कर दी थी।

प्रशंसक अब यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि 19 वर्षीय यह खिलाड़ी दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी अल्काराज के साथ अपनी पहली भिड़ंत में कैसा प्रदर्शन करता है, अल्काराज का इस सीजन में रिकॉर्ड 16-1 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और दोहा में जीते गए खिताब भी शामिल हैं। अल्काराज का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फोन्सेका ने कहा कि मैं निश्चित रूप से उत्साहित हूं। मुझे दूसरे खिलाड़ियों के बारे में तो नहीं पता, लेकिन मैं टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। पिछले टूर्नामेंट में मैं जानिक के खिलाफ खेला था, और अब मैं कार्लोस के खिलाफ खेल रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार अनुभव है, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है। उम्मीद है कि मैं जीत हासिल कर पाऊंगा।

ड्रॉ के ऊपरी हिस्से में, बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन ने एक 'मैच पॉइंट' बचाते हुए 2024 के फाइनलिस्ट ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(3), 4-6, 7-6(6) से हरा दिया। कोलिग्नन ने निर्णायक सेट के 'टाई-ब्रेक' में 5-6 के स्कोर पर दिमित्रोव के 'मैच पॉइंट' को बेहद नाटकीय अंदाज में नाकाम कर दिया( उन्होंने 11 शॉट्स की एक लंबी 'रैली' को एक जोरदार 'फोरहैंड पास' के साथ अपने नाम किया। उस रैली के दौरान दिमित्रोव ने तीन 'वॉली' शॉट लगाए, लेकिन वे गेंद को कोर्ट से बाहर भेजने (पॉइंट हासिल करने) में नाकाम रहे। स्टेफानोस सित. सिपास ने ब्रिटिश खिलाड़ी आर्थर फेरी को 6-1, 7-6(4) से हराकर, पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के साथ दूसरे दौर में मुकाबले की राह बनाई। एटीपी हेड2हेड सीरीज में सितसिपास, डी मिनौर से 11-1 से आगे हैं। बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प ने डेनिस शापोवालोव को 7-5, 6-3 से हराया।

## महिला कीवी टीम ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराया




● सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया

**ऑकलैंड, वार्ता।** सोफी डिवाइन ( दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18-4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुक. ाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम न विंडीज को 43 रनों से हराया

**किंग्सटाउन, वार्ता।** बेथ मूनी (79) और अलाना किंग (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बेथ मूनी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी और मुकाबला 43 रनों से हार गई। कियाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। सातवें ओवर में अलाना किंग ने हेली मैथ्यूज (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई शेमेन कैंपबेल ने कियाना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 76 के स्कोर तक ले गई। 12वें ओवर में किम ग्राथ ने कियाना जोसेफ को आउट कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। कियाना जोसेफ ने 39 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 45 रन बनाए। अगले ही ओवर अलाना किंग ने शेमेन कैंपबेल (15) और डिआंड्रा डॉटिन (शून्य) को आउटकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 20वें ओवर में स्टेफनी (28) और जाहजारा (शून्य) को वेयरहम ने आउट किया। चिनेल हेनरी 12 रन बनाकर नाबाद रही।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार रात खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

## फ्रांसेस्का जोन्स की विजयी शुरुआत

● फ्रांसेस्का जोन्स ने वीनस विलियम्स को सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से हराया

**अमेरिका, वार्ता।** ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुक. ाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया।

एक्ट्रोडैक्टाइली एक्टोडर्मल डिस्प्लेजिया नाम की एक जेनेटिक बीमारी के साथ जन्मी, दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी जोन्स हर हाथ में तीन उंगलियों और एक अंगूठे के साथ खेलती हैं। इस बीमारी की वजह से उन्हें कई बार सर्जरी करवानी पड़ी है, लेकिन इसने उन्हें महिलाओं के टेनिस में अपनी छाप छोड़ने से कभी नहीं रोका। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में चोट के बाद खेल में वापसी करते हुए, जोन्स ने अपने पहले राउंड के मैच में विलियम्स की सर्विस को पांच बार तोड़ा। दोनों सेटों में 4-5 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की और उत्साहित भीड़ के सामने एक यादगार जीत हासिल की। 45 वर्षीय टेनिस स्टार के कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलने की उम्मीद है, जबकि जोन्स महिलाओं के एकल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जहां उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। मैच के बाद फ्रांसेस्का ने कहा कि अगर वे दो महिलाएं (वीनस और सेरेना विलियम्स) न होतीं, तो मुझे पक्का नहीं पता कि मैं यह कदम उठा पाती या नहीं। उन्हीं की वजह से मैं आज यहां हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह साल अब तक बहुत मुश्किल भरा रहा है। मुझे कई चोटें लगी हैं और मैं अभी भी बीमार हूं। मुझे हर समय खांसी आ रही थी। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं किसी दिग्गज खिलाड़ी को भी बीमार न कर दूं।


जीवन 24 हॉस्पिटल
सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान
आयुष्मान भारत
बीमार नहीं रहा लाचार हो रहा मुफ्त उपचार
5 लाख तक का मुफ्त इलाज
Dr. Rais Ahmad
Managing Director
सुविधाएँ
• 24 घंटे इमरजेंसी सेवा • आइसोलेशन वार्ड • एक्सीडेन्टल एवं ट्रामा सेन्टर • आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • वेन्टिलेटर
• नॉमर्ल एवं ऑपरेशनद्वारा डिलीवरी • अल्ट्रासाउण्ड • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • 24 घंटे डायलिसिस • डीलक्स रूम • जनरल वार्ड
• ए.बी.जी. टेस्ट • सभी प्रकार की सर्जरी • हार्ट की जांच • सी.टी. स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • 24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा
आयुष्मान योजना अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाएँ
• जनरल मेडिसिन विभाग • यूरोलॉजी रोग विभाग (गुर्दे) विभाग
• जनरल सर्जरी विभाग • स्त्री रोग विभाग
• बाल रोग विभाग (N.I.C.U) • ऑर्थोपिडिक सर्जरी (हड्डी का ऑपरेशन) विभाग
डॉ. मो. अतिफ खान
डॉ. आदित्य वार्ष्णेय MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. विपिन राज भारती MBBS, MD (General Medicine)
डॉ. विभोर अग्रवाल MBBS, MS (General Surgery)
डॉ. विकास कुमार MBBS, MS (Orthopaedic Surgery)
डॉ. सुमित कुमार MBBS, MD (Pediatrics)
डॉ. सोनाली स्केलीना दास MBBS, MS (Obst. & Gynae)
डॉ. मुजाहिद अली MBBS, MS M.Ch (Urology)
डॉ. निरंजन रेड्डी MBBS, MD (Anesthesiology)
डॉ. सचिन देव MDS, BDS (Oral and Maxillofacial Surgery)
चौधरपुर दिल्ली रोड, जिला अमरोहा
0591-2481786, 9520087500, 9997892600


समस्त क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
हाजी मुमताज अली
उर्फ हाजी भुट्टो
पूर्व ब्लॉक प्रमुख-गजरौला (अमरोहा)


समाजवादी पार्टी
सभी क्षेत्र वासियों को
हाजी परवेज़ अली
पूर्व MLC मुरादाबाद
हाजी महबूब अली
विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री
चेयरमैन लोकलेखा समिति उ.प्र.
ईद-उल-फितर की
पुरखुलूस मुबारकबाद
वार्ड नं. 25 से
समाजवादी पार्टी के
ज़िला पंचायत सदस्य
पद के प्रत्याशी
आफताब आलम
Mob. 9927614183, (पूर्व ग्राम प्रधान)
निवास : ढकिया चमन (अमरोहा)


ईद-उल-फितर
के मुबारक मौके पर सभी
क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
इसरार अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान धनौरा उर्फ मुरादनगर
भावी प्रत्याशी ग्राम पंचायत धनौरा उर्फ मुरादनगर


सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की पुरखुलूस मुबारकबाद
SIGMA IMAGING CENTRE
सिगमा इमेजिंग सेन्टर
अल्ट्रासाउंड सेन्टर एवं डिजिटल एक्स-रे
On Sunday | 11th Jan. 2026 | 2:00 pm.
डॉ. मूनिस आदिल
एम.बी.बी.एस (ए.एम.यू)
एम.डी. - रेडियोडायग्नोसिस
रेडियोलोजिस्ट
सुविधायें
• 3D, 4D, 5D अल्ट्रासाउंड • सोनोइलास्टोग्राफी
• कलर डॉपलर • डिजिटल एक्स-रे
• लीवर फाइब्रोस्केन
पता - बिजनौर रोड, निकट निशा पैलेस, अमरोहा
Call For Appointment - 7819000512, 7248600512


इंतखाब डीलर
अली अहमद
ईद-उल-फितर
के मौके पर सम्मानित क्षेत्रवासियों
व अधिकारियों को
पुरखुलूस मुबारकबाद
अली अहमद
भावी प्रत्याशी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत
धनौरा उर्फ मुरादनगर, चुबका, नगलिया ब्लाक जोया


आप सभी क्षेत्रवासियों को
ईद-उल-फितर की
की दिली मुबारकबाद
अंसार मलिक, (सभासद) विधानसभा अध्यक्ष सपा